**T.T. LIMITED**
(CIN L18101DL1978PLC009241)
879, Master Prithvi Nath Marg, Opp. Ajmal Khan Park, Karol Bagh, New Delhi, 110005,INDIA
0091 11 45060708 | 1800 1035 681 | newdelhi@ttlimited.co.in | www.ttlimited.co.in

TTL/SEC/2022-23
28th July, 2022

| | |
|---|---|
| **M/s National Stock Exchange of India Ltd." Exchange Plaza"**<br>**Plot No. C/1, G Block**<br>**Bandra Kurla Complex**<br>**Bandra (E), Mumbai-400051**<br>**Ph.: 022-26598100-8114**<br><br>**Scrip Code: TTL** | **Bombay Stock Exchange Limited**<br>**Floor 35, P.J.Towers**<br>**Dalal Street**<br>**Mumbai-400001**<br>**Fax-022-22722061/41/39/37**<br><br>**Scrip Code : 514142** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper Advertisement – regarding clerical error in Notice of 43rd AGM for FY 2021-22**

Pursuant to Regulation 30 read with schedule III of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose copies of advertisement published in newspapers viz. Open Search (English) and Open Search (Hindi) regarding clerical error in Notice of 43rd Annual General Meeting of the Company to be held on 3rd August, 2022

You are requested to take the above on record.

Thanking You,
Yours Sincerely
For TT Limited

Pankaj

**Pankaj Mishra**
**Company Secretary & Compliance Officer**

# AAP's Sanjay Singh also suspended; Rajya Sabha sees another washout

## 20 suspended MPs begin relay protest in Parl

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** AAP's Sanjay Singh on Wednesday became the 20th MP to be suspended for unruly behaviour from Rajya Sabha sittings for the rest of the week as the Upper House saw no business transaction during the day with four adjournments and vociferous protests by opposition members.

The latest suspension triggered protests from other AAP MPs while the opposition parties insisted on a discussion on price rise. As soon as the proceedings commenced at 2 pm, opposition members, mostly from the AAP, trooped to the Well of the House. Bhubaneswar Kalita, who was in the chair, asked suspended AAP member Sanjay Singh to exit the House.

"Sanjay Singh Ji you are suspended for the rest of the week so please withdraw from the House," he said. Kalita also asked other protesting members at the Well of the House to return to their respective seats but they kept on raising slogans.

With the MPs refusing to budge, Kalita adjourned the proceedings for the day.

The proceedings were adjourned thrice during the pre-lunch period amid uproar by the opposition members and Singh was suspended for the remainder of the week.

Earlier, the House was adjourned soon after it met at 11 am and then twice during the Question Hour - first for 15 minutes and then till 2 pm.

As soon as the House met after the first adjournment at 12 noon, Deputy Chairman Harivansh invoked Rule 256 and named AAP member Singh.

Thereafter, Minister of State for Parliamentary Affairs V Muraleedharan moved a motion to suspend Singh from the House for the remainder of the week. The motion was adopted by voice vote, even as opposition members continued to raise uproar in the Well of the House. The deputy chairman asked Singh to leave the House soon after the motion was adopted.

Later, Singh said he had raised in the Rajya Sabha the Gujarat hooch tragedy and was "repeatedly requesting the Chair and the government" for an answer on how spurious liquor is being sold in a state where prohibition is in place, but was suspended.

Meanwhile, twenty suspended Rajya Sabha members Wednesday started a 50-hour relay protest inside the Parliament complex, with sources saying the Opposition declined the Chairman's offer that they express regret over their members' behaviour in the House to get the suspension revoked.

The MPs are holding the protest near the Gandhi statue and will stay at the site through night, said Trinamool Congress' Dola Sen, who is one of the suspended

The 20 MPs, suspended over Monday and Tuesday, include seven from the TMC, six from the DMK, three from the Telangana Rashtra Samithi (TRS), two from the Communist Party of India (Marxist) and one each from the Communist Party of India (CPI) and the Aam Aadmi Party (AAP). The Nationalist Congress Party and the Jharkhand Mukti Morcha who have no members suspended will also join the protests, sources said.

"Question: What were Opposition MPs demanding Answer: A discussion on #PriceRise #GST hurting millions of people Action : Dictatorial @ narendramodi govt suspends 24 MPs from #Parliament Next few days 24x7 dharna at Gandhi statue. Peaceful satyagraha will always WIN," tweeted TMC's Rajya Sabha member Derek O'Brien. While the Congress and other Opposition parties were protesting at different venues in the morning, by the evening, it seemed they had come together on the issue of price rise. Sources in the Opposition also said a detailed plan of action has been drawn out for the dharna and a roster of duties created which is being circulated on a dedicated WhatsApp group.




Trinamool Congress MPs — who were suspended on Tuesday over 'unruly behaviour and disrupting proceedings on Wednesday— staged a sit-in protest at the Gandhi statue outside Parliament on Wednesday

The 20 MPs, suspended over Monday and Tuesday, include seven from the TMC, six from the DMK, three from the TRS, two from the CPI(M) and one each from the CPI and the Aam Aadmi Party

# NCST reports since 2018 under process: Centre responds to Abhishek's question

**NEW DELHI:** Answering an unstarred question by Trinamool Congress (TMC) Lok Sabha member Abhishek Banerjee, the Centre informed the Parliament on Monday that reports of the National Commission for Scheduled Tribes since 2018 are still under process in the Ministry of Tribal Affairs. Three annual reports — 9th, 10th and 11th of NCST — have been laid by the ministry before the Parliament since 2018, MoS Tribal Affairs Bishweswar Tudu said.

The Union minister added: "As per Clause 6 of Article 338A of the Constitution of India, the President shall cause all such reports to be laid before each House of Parliament along with a memorandum, explaining action taken or proposed to be taken on recommendations related to the Union and reasons for non-acceptance, if any, of any of such recommendations."

Tudu also mentioned: "For preparations of the Explanatory Memorandum, the concerned stakeholders i.e. Central Ministries/Departments of the Government of India, State Governments, Statutory Bodies, Autonomous Institutions, Public Sector Banks and undertakings are requested to furnish Action Taken Reports/ comments/ inputs."

Banerjee also asked for the expected time frame for the tabling of these reports, where the minister answered: "As and when Action Taken Report/ comments/inputs are received from various stakeholders, an Action Taken Memorandum on Recommendations and Policy issues are complied and prepared. Thereafter, getting the approval of the Hon'ble President of India, the Reports of the NCST along with Action Taken Memorandum are laid in both the Houses of the Parliament."



Abhishek Banerjee FILE PIC

Abhishek Banerjee also asked for the expected time frame for tabling of these reports

# No significant brain drain, Govt tells LS

**NEW DELHI:** No significant brain drain to such an extent of affecting the country's development in the field of science and technology has been observed, the Centre informed Lok Sabha on Wednesday. Minister for Science and Technology Jitendra Singh said multi-faceted approaches have been adopted in terms of creating adequate opportunities in the country to retain highly skilled talent pool.

He said efforts have also been made to encourage the return of the best-in-class scientists from abroad to India, for enhancing the nation's capabilities in various areas of scientific research, development and deployment.

SC's PMLA RULING

# BJP hails it as 'landmark verdict', Cong expresses disappointment

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** As the Supreme Court upheld certain powers of the Enforcement Directorate (ED) under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA), the Congress on Wednesday said that the judgment will have far-reaching implications for India's democracy, especially when governments are anchored in "political vendetta".

In contrast to the Opposition party, BJP has hailed the verdict by calling it a "landmark judgement". Soon after the verdict, BJP president JP Nadda said that the law of the land must be respected.

"The Supreme Court has passed a judgement on the powers and jurisdiction of the PMLA and the ED. The Supreme Court has upheld the PMLA and has also validated the jurisdiction of the ED. We honour and respect our Supreme Court and also our Constitution and our law," said BJP spokespersons Gaurav Bhatia and Nalin Kohli, both of whom are also Supreme Court lawyers.

In a statement, Congress general secretary Jairam Ramesh said that the judgment pronounced by the Supreme Court on the powers of the ED will have far-reaching implications for "our democracy, especially when governments are anchored in political vendetta".

"However, there is one specific aspect of the judgement I would like to address immediately; I had moved the Supreme Court on the blatant misuse of the Money Bill route by the Modi government, on the amendments made to the Prevention of Money Laundering Act, 2002. The Supreme Court had issued notice on my petition on July 2, 2019. This question remains unresolved in today's judgment," Ramesh said.

He, however, noted that the court has agreed that they "are conscious of the fact that if that ground of challenge is to be accepted, it may go to the root of the matter and amendments effected vide Finance Act would become unconstitutional or ineffective".

Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot voiced disappointment and said that the apex court's ruling will increase the possibility of "political misuse" of the ED by the Centre.

"The pronouncement of the Supreme Court on the rights of PML Act and ED is disappointing and worrying," the chief minister tweeted.

Gehlot further said, "A dictatorial atmosphere has prevailed in the country for the last few years and after this decision, the possibility of political misuse of ED by the Centre will increase further."

Meanwhile, Law Minister Kiren Rijiju said that the SC verdict on PMLA has cleared all doubts raised by "various quarters" and asserted the government has "no role in determining any case".

The judgement has made it amply clear agencies don't do anything which is illegal and unconstitutional, Rijiju said, adding that the actions by probe agencies are truly in the spirit of the government's intention to check corruption and punish the corrupt.

**"Judgement will have far-reaching implications for India's democracy, especially when governments are anchored in political vendetta**
—Jairam Ramesh

# Will do whatever needed to curb air pollution: Kejriwal

*May give cash incentive to Punjab farmers*

**NEW DELHI:** Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal on Wednesday said the Punjab government has sent a proposal to the Commission for Air Quality Management (CAQM) to give cash incentive to farmers in the border state for not burning stubble.

The proposal says Rs 2,500 per acre should be given to farmers in Punjab to wean them away from stubble burning, the chief minister said after inaugurating charging stations for electric vehicles here.

"The Punjab government has sent a proposal to the CAQM to give cash incentives to farmers in the state for not burning stubble. The proposal says that Delhi and Punjab should give Rs 500 each and the Centre should provide Rs 1,500. The Delhi government will do whatever is needed to curb air pollution," he said.

PTI had on Monday reported that the Aam Aadmi Party (AAP) governments in Punjab and Delhi plan to provide cash incentive to farmers in the border state for not burning stubble and have requested the Centre to share the cost.



Delhi CM Arvind Kejriwal PTI

Paddy straw burning in Punjab and Haryana is a major reason behind the alarming spike in air pollution levels in the national capital in October and November.

Farmers set their fields on fire to quickly clear off the crop residue before cultivating wheat and potato.

Punjab generates around 20 million tons of paddy straw annually.

"Delhi will share the cost since smoke from farm fires impact air quality in the national capital," a Punjab government official had said.

He had said the Punjab and Delhi governments will implement the scheme even if the Centre doesn't agree.

# 84,405 posts vacant in paramilitary

*'To be filled up by 2023'*

**NEW DELHI:** A total of 84,405 posts are lying vacant in six Central Armed Police Forces, with the Central Reserve Police Force having the highest number of vacancies at 29,985, Rajya Sabha was informed on Wednesday.

Union Minister of State for Home Nityanand Rai also said the government has decided to fill up the existing vacancies in CAPFs by December 2023.

The total strength of CRPF, BSF, CISF, SSB, ITBP and Assam Rifles is 10,05,779. He said the CRPF has the highest number of vacant posts at 29,985, followed by 19,254 in the BSF, 11,402 in the SSB, 10,918 in the CISF, 3,187 in the ITBP and 9,659 in the Assam Rifles. The minister said the examination for filling up 25,271 posts of constable (general duty) has already been conducted.

# Gujarat hooch death toll rises to 40, nearly 50 people still admitted to hospitals; 10 held

OUR CORRESPONDENT

**AHMEDABAD:** The death toll due to the consumption of spurious liquor in Gujarat's Botad district has reached 40 with seven more people succumbing in the last 12 hours, a police official said on Wednesday.

Out of the deceased, 31 belonged to different villages in Botad and nine were natives of neighbouring Dhandhuka taluka in Ahmedabad district, the official of Botad police control room said.

Nearly 50 people were still admitted to hospitals in Bhavnagar, Botad and Ahmedabad, he said.

The Botad and Ahmedabad police on Tuesday registered three First Information Reports (FIRs) against nearly 20 culprits under Indian Penal Code Sections 302 (murder), 328 (causing hurt by poison) and 120-B (criminal conspiracy) and have arrested at least 10 of them so far. The Vadodara rural police on Wednesday nabbed Jatubha Rathod, one of the accused in an FIR registered by Barvala police in Botad and absconding since being booked, an official said.

The hooch tragedy had come to light early Monday morning when some people living in Rojid village of Botad and other surrounding villages were referred to government hospitals in Barvala area and Botad towns with deteriorating health condition.

Primary investigations by police have revealed that some small-time bootleggers of different villages of Botad district had made spurious liquor by mixing water with methyl alcohol or Methanol, a highly poisonous industrial solvent, and sold it to villagers for Rs 20 per pouch.

According to police, forensic analysis has established that the victims consumed methyl alcohol. The Gujarat Home Department has formed a three-member committee, headed by senior Indian Police Service (IPS) officer Subhash Trivedi, to conduct a detailed inquiry into the incident and submit a report within three days, as per a government release.

Police investigation has revealed that a person named Jayesh aka Raju had stolen 600 litres of methyl alcohol from a godown in Ahmedabad where he worked as a manager and then sold it to his Botad-based cousin Sanjay for Rs 40,000 on July 25.

Despite knowing that it was an industrial solvent, Sanjay sold the chemical to bootleggers of different villages of Botad. These bootleggers mixed water in the chemical and sold it to people as country-made liquor, police said.



Family members and relatives of Bhupatbhai Virgama (55),who died after consuming spurious liquor, mourn at his residence in Rojid village of Botad district, Wednesday

# SAD authorises Sukhbir Badal to revamp party

**CHANDIGARH:** Shiromani Akali Dal Core Committee today fully authorised the party president Sukhbir Singh Badal to take the necessary follow-up action for the implementation of the recommendations of the report submitted by the Poll Performance Review Committee (popularly called Jhoonda Committee) which had been set up by Badal to go into the causes of the showing of the party in the February 2022 Vidhan Sabha elections.

The Core Committee presided over by Badal, endorsed applauded, and accepted the Review panel report and thanked the members of the committee for their thorough painstaking and honest feedback from the party workers and the people at large. Badal has been given full powers also to reconstitute the party structure in line with the recommendations of the report. The party Secretary General Balwinder Singh Bhunder said that the Poll Review Committee report highlights both the strengths and the weaknesses and the achievements and the shortcomings of the party in the past as well as the challenges and opportunities before it in the days to come. Bhunder said that the party president had set up the committee for a "totally honest assessment of the performance of the party minus the frills as well as the reasons that led to its less than satisfactory showing in the elections"

Badal has been authorised to take whatever steps he deems necessary for streamlining the functioning and refurbishing the public profile of the party, including holding wide-ranging consultations with a cross-section of Sikh intellectuals, religious and political ideologues, teachers, students, farmers, traders, employees, social activists as well as eminent Punjabis from all sections of society. MPOST

# Agnipath: Navy receives 5.62 lakh applications till Wednesday

**NEW DELHI:** The Indian Navy has received 5.62 lakh applications under the Agnipath military recruitment scheme till Wednesday, the defence ministry said.

The Indian Navy had on July 2 begun the recruitment process under the scheme.

"Registration Update: A total of 5,62,818 aspirants have registered...as of 9 AM on July 27," a Defence Ministry spokesperson tweeted while talking about the Navy's recruitment process. Under the Agnipath scheme, youths between the ages of 17-and-a-half and 21 years would be inducted for a four-year tenure, while 25 per cent of them will be subsequently inducted for regular service.

# Protectees list being circulated not official, says Punjab police

**CHANDIGARH:** The Punjab Police on Wednesday clarified that the documents allegedly mentioning security categorized protectees being circulated in a section of the media are not official documents and cautioned against attributing the document to the Punjab Police.

Sharing the details, a spokesman of the Punjab Police said that the circulating document is in fact a part of Annexure-5 of the Writ Petition No. 11872 of 2022 filed by O.P. Soni in the Hon'ble Punjab and Haryana High Court. These attached documents are in no way the official documents of Punjab Police, he said.

Elaborating further, the spokesperson said that a perusal of the alleged list clearly showed that it is a typed document and there are no signatures, initials, official stamps, or official authentication present anywhere in the document. It appears that this list has been typed by the petitioner and attached to the Writ Petition, he said.

The spokesperson added that any person could obtain copies of the Writ Petition from the website of the Punjab & Haryana High Court to verify the facts. The matter is sub-judice in the Hon'ble High Court and the next date of hearing is July 29, 2022, he added.

# '117 endangered languages, mother tongues chosen for study, documentation on priority'

*'There is no centralised data on the number of endangered languages in India'*

**NEW DELHI:** A total of 117 endangered languages and mother tongues from across India have been chosen for study and documentation on a priority basis, Union Minister of State for Education Subhas Sarkar said on Wednesday.

He said there is no centralised data on the number of endangered languages in India.

Sarkar said, "The government has initiated a scheme known as 'Scheme for Protection and Preservation of Endangered Languages of India (SPPEL)'. Under this scheme, the Central Institute of Indian Languages (CIIL), Mysuru, works on protection, preservation and documentation of all the mother tongues and languages of India spoken by less than 10,000 people which are called endangered languages.

He said, "117 endangered languages and mother tongues have been chosen from all over India for study and documentation on a priority basis."

Stating that there are no centralised data on the number of endangered languages in India, Sarkar said Rs 48.90 crore has been released by the University Grants Commission and CIIL under their schemes for protection of endangered Indian languages during the years 2015-16 to 2021-22.

On the progress of books to be published in Indian languages for engineering and how the government proposes to make more study material available in Indian languages, he said, "To provide engineering course material in Indian Languages, AICTE has introduced 'AICTE Technical Book Writing and Translation' in 12 scheduled Indian languages namely Hindi, Marathi, Bengali, Tamil, Telugu, Gujarati, Kannada, Punjabi, Odia, Assamese, Urdu and Malayalam.

"For the first year, 22 books have been translated into nine Indian languages and the translation in the remaining three Indian languages (Assamese, Urdu and Malayalam) is in process. In 2022-23, AICTE has already initiated the process for the second year's original book writing in English. 88 subjects (42 at degree level and 46 at diploma level) have been identified by AICTE for the second year and its chapter-wise translation into 12 Indian Languages has been initiated. A budget of Rs 18.6 crores has been earmarked by AICTE," Sarkar said.

A budget of Rs 18.6 crores has been earmarked by AICTE

**T T LIMITED**
(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
879, MASTER PRITHVI NATH MARG, OPP: AJMAL KHAN PARK, KAROL BAGH, NEW DELHI – 110 005, INDIA TEL: 0091 11 45060708
EMAIL: newdelhi@ttlimited.co.in, WEBSITE: http://www.ttlimited.co.in

**Corrigendum to Notice convening 43rd Annual General Meeting to be held on 3rd August, 2022**

Members of the Company hereby informed that in the notice convening 43rd AGM to be held on 3rd August, 2022 mailed along with Annual Report, there was clerical error. Special Business at item no 6 and 7 of the 43rd AGM notice has been mentioned as an 'Ordinary Resolution' instead of 'Special Resolution'. Corrected 43rd Notice of AGM is available on the Company's website at www.ttlimited.co.in.

By Order of the Board of Directors
For TT Limited
Sd/-
Pankaj Mishra
Company Secretary
(Membership No A40550)

Place: New Delhi
Date: 27th July, 2022



# एक नज़र

## आइआइएचएस में नई शिक्षा नीति लागू, विद्यार्थी को मिलेंगे 14 आप्शन

**कुरुक्षेत्र (एजेंसी)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट आफ इंटिग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज (आइआइएचएस) में विभिन्न विषयों में दाखिला लेने वाले आवेदकों को नई शिक्षा नीति के तहत मल्टीपल च्वाइस के तहत चयन करने के लिए करीब 14 आप्शन मिलेंगे।

इतना ही नहीं नई शिक्षा नीति लागू करने के साथ-साथ इस सत्र में आइआइएचएस में दाखिलों के लिए करीब 60 सीटें और बढ़ा दी गई हैं। गत वर्ष जहां आइआइएचएस में 1378 सीटों पर दाखिला दिया गया था, इस बार सीटों की संख्या बढ़कर 1440 के करीब पहुंच गई है। इन सीटों पर दाखिलों के लिए प्रोस्पेक्टस को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गौरतलब है कि कुवि का आइआइएचएस कुरुक्षेत्र जिला के अलावा साथ लगते, करनाल, पानीपत, कैथल, यमुनानगर व अंबाला के आवेदकों की भी पहली पसंद रहा है। हर साल आइआइएचएस में दाखिलों के लिए सीटों से 10 गुणा तक आवेदन पहुंचते हैं। ऐसे में संस्थान में मेरिट सूची भी ऊंची रहती है। इस सत्र से आइआइएचएस में नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई है।

## हरियाणा में शरण लेने आए गोल्डी बराड़ के दो साथी गिरफ्तार, सिद्धू मूसेवाला मामले में भी हो रही पूछताछ

**डबवाली (एजेंसी)** गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के दो करीबी साथी डबवाली के रास्ते फरार होना चाहते थे। पंजाब पुलिस की एजीटीएफ (एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स) ने दोनों को शहर डबवाली से करीब 10 किलोमीटर दूर बठिंडा रोड स्थित गांव पथराला के समीप गिरफ्तार कर लिया। डबवाली के गांव देसूजोधा, जोगेवाला, पन्नीवाला मोरिकां आदि पंजाब के बठिंडा जिले से सटे हुए हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मलकीत सिंह उर्फ किट्टा निवासी गांव भैणी और हरदीप सिंह उर्फ मामा निवासी गांव आकलिया जलाल जिला बठिंडा के रूप में हुई है। दोनों आरोपितों का पुराना आपराधिक रिकार्ड है। दोनों पंजाब पुलिस को कई जघन्य आपराधिक मामलों में वांछित हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से सात पिस्तौल (छह .32 बोर और एक .30 बोर) समेत गोला-बारूद और एएसआइ रैंक की पुलिस वर्दी बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा उनका मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है, जिसका प्रयोग कर वह भागने की कोशिश कर रहे थे। बताया जाता है कि पुलिस को मुखबिरी मिली थी।

## सिरसा में गुप्तांग पर चोट लगने के कारण युवक की मौत, मां बोली- साथी मजदूर ने हत्या की है

**सिरसा (एजेंसी)** गांव कालांवाली में झगड़े के दौरान एक युवक की गुप्तांग पर चोट लगने के कारण मौत हो गई। मृतक की मां ने बताया कि उसका बेटा भगवान सिंह दिहाड़ी मजदूरी करता था। बीती 23 जुलाई को वह गांव के ही कुछ युवकों के साथ पंजाब बस स्टैंड पर प्लाइवुड की दुकान करने वाले राधेश्याम के घर पर मुरम्मत का काम कर रहे थे। इस दौरान उसकी शंटी सिंह नामक युवक के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद आरोपित ने उसके बेटे के गुप्तांग पर चोट मार दी। उसे गंभीरावस्था में नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे अग्रोहा रेफर कर दिया।

जहां इलाज के दौरान उसके बेटे की मौत हो गई। इस मामले में मृतक भगवान सिंह की मां तेजकौर के बयान पर कालांवाली थाना पुलिस ने शंटी सिंह के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कालांवाली निवासी तेजकौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पांच बेटे हैं। इनमें से एक बेटे की दस साल पहले मौत हो चुकी है। उसका बेटा भगवान सिंह दिहाड़ी मजदूरी करता था। उसने बताया कि बीती 23 जुलाई की शाम को उसका बेटा भगवान सिंह दिहाड़ी करके घर आया। उसे उसे आकर बताया कि वह पंजाब बस अड्डे पर प्लाइवुड की दुकान करने वाले राधेश्याम के मकान की मरम्मत करवा रहा था। उसके साथ शंटी सिंह निवासी गांव कालांवाली, निक्का मिस्त्री निवासी खतरावां, काला सिंह, बलविंद्र सिंह, संदीप सिंह निवासी गांव कालांवाली काम कर रहे थे।

## पत्नी ने अपने पति को उसकी महिला दोस्त से जबरन फोन करके उसके घर बुलाया और फिर की पिटाई

**बहादुरगढ़ (एजेंसी)** शहर के एचएल सिटी में रहने वाले एक व्यक्ति को उसकी पत्नी व पत्नी के स्वजनों ने लोहे के सरिया, कुंडी व अन्य से उसकी जमकर पिटाई कर दी। व्यक्ति की पत्नी उसकी हरकतों से परेशान थी। इसी के चलते उसकी पत्नी ने व्यक्ति की महिला दोस्त के घर जाकर जबरन अपने पति के पास फोन करवाया और उसके घर पर बुलवाया। यहां आते ही सभी ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया।

इससे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस संबंध में व्यक्ति की पत्नी व उसके स्वजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एचएल सिटी में रहने वाले सचिन ने बताया कि गत मंगलवार को उसकी सेक्टर नौ निवासी महिला दोस्त का फोन आया और उसने उसे घर पर बुला लिया। वह तुरंत उससे मिलने उसके घर चला गया।

जब वह उसके घर पहुंचा तो वहां पर उसकी पत्नी पूनम, सास शीला व एक औरत पहले से ही मौजूद थी। सेक्टर नौ में महिला दोस्त के घर पत्नी को पाकर वह हक्का-बक्का रह गया। जब उसने अपनी दोस्त से पूछा कि इन्हें यहां क्यों बुला लिया तो उसने बताया कि ये मेरे घर जबरदस्ती घुस गए और उसे डरा-धमकाकर फोन करके यहां बुलाने को कहा। इसी बीच ससुर सुखबीर, संदीप व एक लड़का और वहां पर आ गया।

# देओल की तरह नए एजी घई की नियुक्ति पर भी सवाल संभव, यह मामला बन सकता है बाधा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**

पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा राज्य के महाधिवक्ता बनाए कए विनोद घई नियुक्ति पर भी सवाल उठ सकते हैं। उनकी नियुक्ति पर चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार क समय एजी बनाए गए एपीएस देओल की तरह सवाल उठ सकते हैं।

विनोई घई ने भ्रष्टाचार के मामले में भगवंत मान सरकार से बर्खास्त किए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डा. विजय सिंगला और कांग्रेस के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के खिलाफ चल रही विजिलेंस जांच में उनके वकील हैं। इतना ही नहीं पंजाब सरकार के खिलाफ हाई कोर्ट में कुछ अन्य बड़े मामले भी चल रहे हैं और घई उन मामलों की पैरवी भी कर रहे हैं। पूर्व डीजीपी सैणी का केस लड़ने पर देओल पर भी उठे थे सवाल, बेअदबी मामले में डेरा मुखी के प्रोडक्शन वारंट पर रोक लगवाने के मामले की घई ने पैरवी की थी। पूर्व डीजीपी सैणी जब पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने हिरासत में लिया था तो उस समय घई ने सैणी की पैरवी कर उन्हें राहत दिलाई थी। इसके अलावा हाई कोर्ट में डेरा सच्चा सौदा की तरफ से कई मामलों की पैरवी के लिए घई पेश होते हैं। जिस तरह चन्नी सरकार ने देओल की नियुक्ति के समय कानफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हित-संघर्ष) का आरोप लगा था, वैसे आरोप घई पर भी लग सकते हैं। नए एजी के लिए यह चुनौतियां भी, एजी विनोद घई के सामने सबसे बड़ी चुनौती पंजाब में हजारों करोड़ रुपये के नशे के कारोबार के खिलाफ हाई कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान के मामले में पंजाब सरकार का मजबूती से पक्ष रखने की होगी। इस मामले में केंद्रीय और राज्य की एजेंसियों की रिपोर्ट हाई कोर्ट में पड़ी हैं, जिस पर जल्द कार्रवाई करना उनकी जिम्मेदारी होगी। पंजाब की एक्साइज पालिसी को भी हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम





और हाई कोर्ट में बड़ा नाम हैं घई, मान व केजरीवाल का आभार जताया, एजी विनोद घई ने अपनी नियुक्ति के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल धन्यवाद किया है। घई ने कहा कि वह किसी पार्टी से संबंध नहीं रखते हैं और सरकार ने उनका चयन मेरिट के आधार पर किया है। वह सरकार की नीति के अनुरूप काम करेंगे। वह पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के नामी क्रिमिनल लायर माने जाते हैं और कई बड़े क्रिमिनल मामलों की पैरवी कर चुके हैं। उन्होंने 1989 में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से एलएलबी की पढ़ाई पूरी कर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में वकालत शुरू की थी। 2012 में उन्हें सीनियर एडवोकेट डेजिगनेट किया गया। विनोद घई के पिता सीनियर एडवोकेट आरएस घई भी देश के नामी क्रिमिनल लायर रहे हैं। जिसने भी सैणी और डेरा मुखी का केस लड़ा, वो एजी बना, पंजाब में मुख्यमंत्री पद से कैप्टन अमरिंदर सिंह के हटने के बाद जो पद सबसे ज्यादा चर्चा और विवाद में रहा वह एडवोकेट जनरल का पद है। डा. अनमोल रतन सिद्धू के इस्तीफे के बाद विनोद घई को नया एजी लगाया गया है।

मंगलवार को पूरा दिन इस बात को लेकर चर्चा रही कि जिसने भी सरकार के खिलाफ पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह सैणी और डेरा सच्चा सौदा का केस लड़ा वह बाद में एजी बन गया। सैणी व डेरा सच्चा सौदा, दोनों ने पंजाब की राजनीति को प्रभावित किया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार के बाद लगातार बदलते रहे एजी, विधानसभा चुनाव में दोनों मुख्य मुद्दे रहे हैं परंतु लेकिन रोचक बात यह है कि पंजाब सरकार के खिलाफ इन दोनों की पैरवी जिन वकीलों ने की वही एजी बने। सिद्धू के इस्तीफे के बाद यह चर्चाएं भी जोरों पर रहीं कि कैप्टन के जाने के बाद राज्य को केवल छोटी अवधि के एजी ही मिल रहे हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह के त्यागपत्र देने के तत्काल बाद एडवोकेट जनरल अतुल नंदा ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया था। नंदा को 16 मार्च, 2017 को एजी नियुक्त किया गया था और उन्होंने 27 सितंबर, 2021 तक इस पद पर सेवाएं दीं।

कैप्टन के बाद चरणजीत सिंह चन्नी मुख्यमंत्री बने और उन्होंने एजी पद के लिए डीएस पटवालिया के नाम की घोषणा की, परंतु कुछ दिन की रस्साकशी के बाद एपीएस देओल को एजी लगाया गया। देओल की एजी के रूप में नियुक्ति पर बहस शुरू हो गई। क्योंकि उन्होंने पंजाब के पूर्व डीजीपी सैणी के केस में पैरवी की थी। सैणी बहिबल कलां गोलीकांड की घटना में आरोपों का सामना कर रहे हैं।

## लुधियाना के ढंडारी कलां में स्थित है प्राचीन शिव मंदिर, सावन में भक्त आकर लगाते हैं हाजिरी

**लुधियाना (एजेंसी)**

गुरु रामदास नगर मक्कड़ कालोनी ढंडारी कलां में स्थित प्राचीन शिव मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र



बना हुआ है। इस मंदिर में सुबह शाम भोलेनाथ का पूजन करने वाले भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। सुबह-सुबह मंदिर के द्वार खुलते ही यहां भक्तजन अपने आराध्य देव का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचना शुरू कर देते हैं। इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1979 में की गई। मंदिर में बनी धर्मशाला का निर्माण कार्य वर्ष 2012-13 में हुआ। धर्मशाला की नींव पूजन पत्थर तत्कालीन जिलाधिकारी रवि भगत द्वारा रखा गया था।

मंदिर में शिव परिवार, भव्य शिवलिंग के अतिरिक्त श्री राम दरबार, मां भगवती का पावन स्वरूप, श्री राधा कृष्ण जी की प्रतिमा स्थापित है। श्रवण मास में प्रतिदिन शिवलिंग का भव्य श्रृंगार करके भक्तजन रुद्राभिषेक करवाते हैं। मंदिर में आने वाले प्रत्येक भक्तजन को मुख्य पुजारी पंडित अनिल मिश्र विधि विधान से पूजा करवाते हैं। मंदिर में सावन माह के दौरान शिव महापुराण कथा का आयोजन होता है।

## चंडीगढ़ के 70 साल के बुजुर्ग की फेसबुक पर विदेशी युवतियों से हुई दोस्ती, चैटिंग के बाद गंवा दिए 39 लाख रुपये

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**

सोशल मीडिया पर शातिर ठग पूरी तरह से एक्टिव हैं। ये शातिर मौके और सामने वाली की एक गलती की तलाश में रहते हैं। जैसे ही उनके संपर्क में कोई आता है तो वह उन्हें अपना शिकार बना लेते हैं। कुछ ऐसी ही घटना चंडीगढ़ के 70 साल के बुजुर्ग के साथ हुई है।

बुजुर्ग की फेसबुक पर एक नहीं बल्कि दो विदेशी युवतियों के साथ दोस्ती हो गई। एफबी फ्रेंड्स बनने के बाद उनके बीच चैटिंग होने लगी। फोन नंबर एक्सचेंज तक हुए, लेकिन बुजुर्ग के लिए इन विदेशी बालाओं के साथ दोस्ती करना महंगा साबित हुआ। क्योंकि उन्होंने बुजुर्ग को 39 लाख 33 हजार 333 रुपये चूना लगा दिया। ठगी की यह घटना सेक्टर-39 के रहने वाले बुजुर्ग कमलेश कुमार के साथ हुई है। कमलेश कुमार रिटायर्ड इंजीनियर हैं। उन्होंने अपने साथ हुई ठकी की शिकायत पुलिस को दी है। साइबर सेल पुलिस ने जांच के बाद




अज्ञात युवतियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालांकि अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। शिकायतकर्ता कमलेश कुमार ने बताया कि उसकी एफबी पर आरा आना नाम की एक विदेशी की युवती से दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान उसने बताया कि वह फार्मा कंपनी में नौकरी करती है। उसकी कंपनी कैंसर की दवाई बनाती है। कंपनी दवाई बनाने के लिए रशिया से 500 ग्राम कच्चा मैटेरियल 5800 पाउंड में मंगवाती है। जबकि यही कच्चा मैटेरियल भारत में अजय इंटरप्राइसेस से 2300 पाउंड में मिल जाता है। युवती ने कमलेश कुमार को बताया कि वह इसमें इन्वेस्ट करे क्योंकि उसे इसमें मुनाफा होगा। कमलेश युवती की बातों में आ गया और उन्होंने अजय इंटरप्राइसेस से मैटेरियल खरीदने के लिए ईमेल और फोन से संपर्क किया। 17 मई 2022 को 500 ग्राम कच्चा मैटेरियल एक लाख 73 हजार रुपये देकर मंगवा लिया। 18 मई 2022 को दोबारा एक लाख 73 हजार रुपये का भुगतान मैटेरियल के लिए आर्डर कर दिया। इसी तरह युवती के कहने पर 15 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन बाद में न माल मिला और युवती ने भी अपनी फेसबुक आइडी बंद कर दी और मोबाइल नंबर भी स्विच आफ कर दिया, शिकायतकर्ता कमलेश कुमार ने दूसरी शिकायत में बाताया कि 2 मई 2022 को उसकी यूके निवासी हेलेना नाम की युवती से बातचीत हुई थी। उसने खुद को डाक्टर बताया और कहा कि उसका 24 मई को जन्मदिन है। वह अपना जन्मदिन यूके में मना रही है। वह अपने जन्मदिन पर उसे गिफ्ट भेज रही है। 24 मई को कमलेश को एक फोन आया कहा कि यूके से आपका पार्सल आया है। पार्सल की ड्यूटी चार्ज के नाम पर 19 हजार 500 रुपये, पार्सल भेजने के लिए 47 हजार 500 रुपये अलग से पेमेंट करनी होगी।

## पंजाब में बदलाव का दौर ; पहले डीजीपी छुट्टी पर, चीफ सेक्रेटरी का तबादला और अब एजी का इस्तीफा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**

पंजाब में भगवंत मान सरकार बनने के बाद उच्च नौकरशाही और प्रशासन में बदलाव का दौर जारी है। राज्य में पहले डीजीपी वीके भावरा के छुट्टी पर गए तो मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी को हटाकर उनका तबादला कर दिया गया है। अब एडवोकेट जनरल अनमोल रतन सिद्धू ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

इसे भगवंत मान सरकार ने मंजूर कर लिया है। चर्चा- दखलंदाजी से परेशान थे अनमोल रतन सिद्धू, उनके स्थान पर एडवोकेट विनोद घई का नाम चल रहा है। बताया जात है कि अपने काम में सरकार और पार्टी की बढ़ रही दखलदांजी, एडवोकेट जनरल आफिस की टीम बनाने और लॉ अफसरों में अनुसूचित जाति के वकीलों को आरक्षण न देने को लेकर वह विवादों में चल रहे थे। बताया जाता है कि इस मामले में उनकी आला अधिकारियों के साथ बहस भी हुई। मुख्यमंत्री को भेजे गए अपने पत्र





में अनमोल रतन सिद्धू ने इस्तीफे का कारण व्यक्तिगत बताया है लेकिन जानकारों का मानना है कि लॉ अफसरों की टीम बनाने और काम में दखलंदाजी को अनमोल सिद्धू काफी परेशान थे। बहिबल कलां मामले और डेरा सच्चा सौदा प्रमुख के मामलों में उन्होंने सरकार के पक्ष में जोरदार केस लड़े लेकिन लॉ अफसरों की टीम में वह गच्चा खा गए। मुख्य सचिव ने राय मांगी तो अनमोल रतन ने आरक्षण की बजाए काबिलियत को दिया प्राथमिकता, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति कमीशन की ओर से भेजे गए नोटिस को लेकर जब मुख्य सचिव ने उनसे सलाह मांगी तो उन्होंने मुख्य सचिव और प्रमुख गृह सचिव को भेजे अपने पत्र में कहा कि हमें आरक्षण की बजाए लॉ अफसरों की काबलियत के आधार पर नियुक्ति करनी चाहिए। उनके इस बयान को लेकर अनुसूचित वर्गों में खासी नाराजगी चल रही है। इंटरनेट मीडिया पर सिद्धू की जमकर खिंचाई भी हो रही है।

सरकार ने एससी कमीशन के आदेश के खिलाफ पहले हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी और बाद में इसे वापिस ले लिया। इसी को लेकर सिद्धू नाराज थे। ला अफसरों की नियुक्ति के मामले में भी उनकी सूची नहीं मानी गई, यही नहीं, लॉ अफसरों की नियुक्ति को लेकर भी उनकी चल नहीं रही थी। उन्होंने 37 लोगों के नाम भेजे थे। पता चला है कि इसमें से सिर्फ 7 लोगों को ही मंजूरी मिली। उनको जो सूची भेजी गई उन नामों को लेकर वह सहमत नहीं थे। इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाया था : भगवंत मान, पंजाब के मुख्मयंत्री भगवंत मान ने कहा कि उन्होंने एडवोकेट जनरल अनमोल रतन सिद्धू को इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाने की कोशिश की थी लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें कई और काम हैं। मान ने कहा कि वह सीनियर वकील हैं। हम भविष्य में उनसे कानूनी सलाह लेते रहेंगे। मान ने आगे कहा कि पंजाब सरकार ने विनोद घई को नया एडवोकेट जनरल नियुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम एडवोकेट जनरल की एक ऐसी टीम चाहते हैं ताकि हमें बाहर से कोई महंगे वकील न करने पड़ें। चाहे वह सेशन अदालत हो, हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट, एजी की टीम लोगों की आवाज बनने योग्य हो।

## पंजाब में रेत की कालाबाजारी, मोगा में 2500 की एक ट्राली 4000 रुपये में बिक रही

**मोगा (एजेंसी)** मकान निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाला रेत बाजार से पूरी तरह गायब हो गया है। एक सप्ताह पहले तक जो ट्राली 2200 रुपये में मिल रही थी अब 4000 में कालाबाजारी में मिल रही हैं। अगर कोई जरूरतमंद रेत की कीमत पर बहस करने की कोशिश करता है तो उसे रेत ना होने की बात कहकर साफ तौर पर मना कर दिया जाता है। आसमान छूती रेल की कीमतों के चलते अब आम आदमी के लिए अपने घर का सपना रेत के महल की तरह ढहता नजर आने लगा है।



पता चला है 1 जुलाई के बाद से मोगा, फिरोजपुर सतलुज दरिया के सभी खड्डों से खनन पूरी तरह बंद है पुलिस और प्रशासन की सख्ती के कारण अवैध खनन भी नहीं हो पा रहा है। मोगा में इस समय रेत श्री आनंदपुर साहिब से आ रहा है। यही वजह है कि पिछले एक सप्ताह में रेत की कीमतों में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। श्री आनंदपुर साहिब से आने वाले रेत की गुणवत्ता भी बहुत अच्छी नहीं बताई जा रही है। जबकि 100 फीट की ट्राली की कीमत 4000 रुपये तक कालाबाजारी में वसूली जा रही है। सामान्य बाजार में रेत पूरी तरह से गायब हो चुका है। रेत से जुड़े व्यवसायी जसवंत सिंह के अनुसार एक जुलाई से सभी खड्डु बंद होने के बाद जो पहले से स्टाक था वह करीब 15 दिन तक मार्केट में आता रहा।

## पंजाब में 600 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा आप के लिए बनी गले की फांस

**अमृतसर (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी के लिए 600 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा गले की फांस बन गई है। इसको लेकर पहले उड़ती अफवाहों का आप के नेता जवाब देते रहे हैं। अब अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार, वही लोग इसके लाभपात्री होंगे, जो स्वघोषणा पत्र देंगे और बताई शर्तों को पूरा करेंगे। सरकार के इस कदम पर लोग नाखुश हैं।

वे कह रहे हैं कि पहले यह तय नहीं हुआ कि इसका लाभ एक किलोवाट वालों को देना है या उससे अधिक वालों को। फिर सीएम ने ट्वीट कर स्थिति स्पष्ट की तो स्वघोषणा पत्र पर लोगों ने सरकार को घेरते हुए कहना शुरू कर दिया कि यह तो वोट लेने से पहले बताना चाहिए था। अब लोगों को अकल आ जाएगी कि घोषणाओं के लालच में आकर वोट नहीं करेंगे। पिछले दिनों आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को इडी की ओर से पूछताछ के लिए बुलाया गया। इसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने हालगेट के बाहर धरना देते हुए जमकर नारेबाजी की।

# विशेषज्ञों ने बताया मंकीपाक्स कितना खतरनाक, क्या हैं लक्षण, पीजीआइ ने उठाया बड़ा कदम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**

देश में मंकीपाक्स दस्तक दे चुका है। केरल में अब तक दो मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में मंकीपाक्स के खतरे से निपटने के लिए पीजीआइ चंडीगढ़ ने कमेटी बनाई है। इस कमेटी का नेतृत्व मेडिकल पैरासिटोलाजी विभाग के हेड एवं प्रोफेसर राकेश सहगल कर रहे हैं।

इस कमेटी में पीजीआइ की वायरोलाजी विभाग की प्रोफेसर मिनी पी सिंह के अलावा तीन और अन्य सदस्य हैं। चंडीगढ़ में अभी तक मंकीपाक्स वायरस का कोई मरीज नहीं है। हालांकि पीजीआइ चंडीगढ़ प्रशासन की तरफ से एहतियातन अलग वार्ड तैयार कर लिया गया है। पीजीआइ ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर नेहरू अस्पताल में मंकीपाक्स मरीजों के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाया है। यही नहीं नेहरू अस्पताल में मंकीपाक्स मरीजों के लिए सामान्य वार्ड के अलावा आइसीयू वार्ड भी तैयार कर लिया गया है। पीजीआइ प्रशासन की ओर से डर्मेटोलाजी विभाग को ऐसे संदिग्ध मरीजों पर नजर रखने और इनके इलाज को लेकर तैयारियां व शोध के निर्देश दिए हैं। पीजीआइ निदेशक प्रोफेसर विवेक लाल ने बताया मंकीपाक्स के खतरे को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से लोगों को हिदायतें जारी की हैं। इन हिदायतों के मुताबिक जिन लोगों में मंकीपाक्स के लक्षण दिखाई दें, उसकी सूचना अपने राज्य व यूटी के स्वास्थ्य विभाग को देने और ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखने की हिदायतें दी हैं। संदिग्ध लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए एनआइवी पुणे को भेजे



जाएंगे, पीजीआइ के वायरोलाजी विभाग की प्रोफेसर मिनी पी सिंह ने कहा कि पीजीआइ और अन्य अस्पतालों को गाइडलाइंस जारी की गई है, कि अगर किसी मरीज या रुटीन चेकअप के लिए आने वाले लोगों में मंकीपाक्स के लक्षण दिखाई देते हैं तो इनके सैंपल लेकर पीजीआइ की वायरोलाजी विभाग से संपर्क किया जाए। पीजीआइ अस्पताल प्रशासन भी इन गाइडलाइंस का पालन कर रहा है। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ता है तो उसके सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलाजी को जांच के लिए भेजे जाएंगे। यह है मंकीपाक्स के लक्षण, बार-बार तेज बुखार आना, त्वचा पर दानें पड़ना, खुजली होना और चकते पड़ना, मंकीपाक्स होने पर व्यक्ति के जब त्वचा पर दानें पड़ेंगे या खुजली होगी तो उसकी शुरुआत चेहरे से होगी, चेहरे से लेकर हाथों की बाजुओं, पैरों पर और शरीर के अन्य हिस्सों पर रैशेस पड़ेंगे, लिम्फा नोड्स यानी शरीर में गांठ पड़ना, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकावट महसूस करना, गला खराब होना और बार-बार खांसी आना मंकीपाक्स के लक्षण हैं, मंकीपाक्स को लेकर ध्यान देने वाली बातें, मंकीपाक्स ऐसी बीमारी है जोकि एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है।

ऐसे में लोगों को शारीरिक संपर्क से बचना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति में पंकीपाक्स के लक्षण हैं तो उसे फौरन डाक्टर से संपर्क करना चाहिए, ऐसे व्यक्ति को इलाज पूरा होने तक खुदको आइसोलेट करना चाहिए। मंकीपाक्स से पीड़ित व्यक्ति को साफ-सफाई, पौष्टिक आहार का सेवन और अपने कपड़े अलग रखने चाहिए। मंकीपाक्स से पीड़ित व्यक्ति को समय-समय पर खुदको सैनेटाइज करना चाहिए। मंकीपाक्स से पीड़ित व्यक्ति को शराब के सेवन और नशा आदि नहीं करना चाहिए। मंकीपाक्स होने पर व्यक्ति की आंखों में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, थकावट, नजर कमजोर होना और धुंधलापन आना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

मंकीपाक्स होने पर व्यक्ति के सिने में दर्द और मूत्र की समस्या होने है। अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत, मंकीपाक्स बीमारी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में जो लोग पहले से ही किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उन्हें खास ख्याल रखने की जरूरत है।

**T T LIMITED**
(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
879, MASTER PRITHVI NATH MARG, OPP: AJMAL KHAN PARK, KAROL BAGH, NEW DELHI – 110 005, INDIA TEL: 0091 11 45060708
EMAIL: newdelhi@ttlimited.co.in, WEBSITE: http://www.ttlimited.co.in

**Corrigendum to Notice convening 43rd Annual General Meeting to be held on 3rd August, 2022**

Members of the Company hereby informed that in the notice convening 43rd AGM to be held on 3rd August, 2022 mailed along with Annual Report, there was clerical error. Special Business at item no 6 and 7 of the 43rd AGM notice has been mentioned as an 'Ordinary Resolution' instead of 'Special Resolution'. Corrected 43rd Notice of AGM is available on the Company's website at www.ttlimited.co.in.

By Order of the Board of Directors
For TT Limited
Sd/-
Pankaj Mishra
Company Secretary
(Membership No A40550)

Place: New Delhi
Date: 27th July, 2022